പത്താംതരം പഠനപരിപോഷണ പരിപാടി (ഫോക്കസ്ഏരിയ)

ഡയറ്റ് വയനാട്

# എക്സലൻസ്

## 2020-21

വയനാട് ജില്ലാ പഞ്ചായത്ത്



# ഹിന്ദി

തയ്യാറാക്കിയത് ജില്ലാ റിസോഴ്സ് ഗ്രൂപ്പ്
നിർവ്വഹണം ഡയറ്റ് വയനാട്


**ഡയറ്റ് വയനാട്**
സുൽത്താൻ ബത്തേരി, വയനാട് – 673 592
ഫോൺ : 04936 – 220790, email : dietwayanad@gmail.com
www.dietwayanad.org


DIET WAYANAD
SULTHAN BATHERY

പൊതുവിദ്യാഭ്യാസ സംരക്ഷണ യജ്ഞം

**വയനാട് ജില്ലാ പഞ്ചായത്ത്**

**ജില്ലാ വിദ്യാഭ്യാസ പരിശീലന കേന്ദ്രം**
**(ഡയറ്റ്) വയനാട്**

# എക്സലൻസ് 2021

**പഠന പരിപോഷണ പരിപാടി**
**(പത്താം തരം)**

# ഹിന്ദി

DIET WAYANAD
SULTHAN BATHERY

**തയ്യാറാക്കിയത് :**
**ജില്ലാ വിദ്യാഭ്യാസ പരിശീലന കേന്ദ്രം**
**(ഡയറ്റ്) വയനാട്**
**സുൽത്താൻ ബത്തേരി**
**2021**

# 'EXCELLENCE 2021'   DEVELOPMENT TEAM

**Dr. T. K. Abbas Ali** (Principal, DIET Wayanad)

**K. M. Sebastian** (Senior Lecturer, CMDE, DIET Wayanad),
Academic coordinator

**Faizal E.** (Lecturer, CMDE, DIET Wayanad)

**Nazar C.** (G.H.S.Vellamunda)

**Joseph Manual** (G.H.S.Mananthavadi)

**V.N.Shaji** (G.H.S.Sarvajana, Bathery)

**Rashmi V. S.** (G.H.S.S.Kattikulam)

**Nimmi Antony** (G.H.S.Ambalavayal)

**Shalini T. C.** (M.M.J.H.S.Kappiset)

**Reena R. L.** (G.H.S.Kaniyambetta)

---

Cover Design : **Rajeevan N. T.** (G.H.S.S. Thariod)

# മുഖമൊഴി

വയനാട് ജില്ലയുടെ എസ്.എസ്.എൽ.സി. വിജയശതമാനം ഉയർത്തുന്നതിനുവേണ്ടി പൊതുവിദ്യാഭ്യാസ വകുപ്പ് വിവിധ പദ്ധതികൾ നടപ്പാക്കി വരുന്നു. കോവിഡ് കാലത്തുള്ള നിയന്ത്രണങ്ങൾ പാലിച്ച് വിദ്യാർത്ഥികളും അധ്യാപകരും പരമാവധി സമയം അക്കാദമിക പ്രവർത്തനങ്ങൾക്ക് വിനിയോഗിക്കുന്നതും, വിവിധ വകുപ്പുകളുടെ ഏകോപനത്തിലൂടെ വിദ്യാർത്ഥികൾക്ക് സ്കൂളിൽ എത്തിപ്പെടാനുള്ള സാഹചര്യമൊരുക്കുന്നതും പത്താതരം വിജയശതമാനം മെച്ചപ്പെടുത്തുന്നതിന് സഹായിക്കും.

വിവിധ വിഷയങ്ങളിൽ സംസ്ഥാന വിദ്യാഭ്യാസ പരിശീലന ഗവേഷണ കേന്ദ്രം പ്രസിദ്ധീകരിച്ച ഊന്നൽ മേഖലകൾ പരിഗണിച്ച് ജില്ലയിലെ വിദഗ്ദ്ധ അധ്യാപകരുടെ ശില്പശാലകൾ സംഘടിപ്പിച്ച് തയ്യാറാക്കിയതാണ് എക്സലൻസ് 2021. ഓരോ വിഷയത്തിലുമുള്ള ഊന്നൽ മേഖലയിലെ പഠന വസ്തുക്കൾക്കു പുറമേ മാറിയ പരീക്ഷ ഘടനയരുസരിച്ച് അധികചോദ്യങ്ങളും അവയുടെ ഉത്തര സൂചികയും ഇതോടൊപ്പം ചേർത്തിട്ടുണ്ട്. കൂടാതെ വിദ്യാർത്ഥികൾക്ക് ആത്മവിശ്വാസത്തോടെ സ്വയം പഠനത്തിനും, സംഘപഠനത്തിനും, സമസംഘപഠനത്തിനും അനുയോജ്യമാക്കത്തകവിധത്തിൽ സരളമായി അധ്യാപകർ വിവിധ പാഠങ്ങൾ തയ്യാറാക്കിയിട്ടുണ്ട്. ആയതിനാൽ നിർദ്ദേശിക്കപ്പെട്ടിട്ടുള്ള ഊന്നൽ മേഖലയിൽ അധികപഠനത്തിന് എക്സലൻസ് സഹായകമാകും.

ഡയറ്റ് മുമ്പ് പ്രസിദ്ധീകരിച്ച എക്സലൻസ് പഠനസഹായിയും, മറ്റ് പഠന സാമഗ്രികളും ഉപയോഗപ്പെടുത്തി ചുരുങ്ങിയ സമയകൊണ്ടാണ് ഡയറ്റ് നേതൃത്വം നൽകുന്ന ജില്ലാ റിസോഴ്സ് ഗ്രൂപ്പ് എക്സലൻസ് 2021 തയ്യാറാക്കിയിട്ടുള്ളത്. കോവിഡ് കാലത്തെ സമ്മർദ്ദങ്ങൾക്കിടയിൽ എക്സലൻസ് 2021 തയ്യാറാക്കാൻ കൂടെനിന്ന ബഹുമാനപ്പെട്ട ജില്ലാ പഞ്ചായത്ത് പ്രസിഡണ്ടിനും, ആരോഗ്യ വിദ്യാഭ്യാസ സ്റ്റാന്റിംഗ് കമ്മിറ്റി അധ്യക്ഷനും, വിദ്യാഭ്യാസ ഓഫീസർക്കും, പ്രധാനാധ്യാപകർക്കും, ജില്ലാ റിസോഴ്സ് ഗ്രൂപ്പ് അംഗങ്ങൾക്കും നന്ദി രേഖപ്പെടുത്തുന്നു. എക്സലൻസ് വയനാട് ജില്ലയിലെ 10-ാം തരം വിദ്യാർത്ഥികൾക്കും അധ്യാപകർക്കും സമർപ്പിക്കുന്നു.

പ്രിൻസിപ്പാൾ,
**ഡോ. ടി. കെ. അബ്ബാസ് അലി**
ഡയറ്റ് വയനാട്

# വയനാട് ജില്ലാ പഞ്ചായത്ത് കാര്യാലയം

**സിവിൽ സ്റ്റേഷൻ, കൽപ്പറ്റ നോർത്ത് പി. ഒ., പിൻ – 673 122**

**എം. മുഹമ്മദ് ബഷീർ**
ചെയർമാൻ
ആരോഗ്യവും വിദ്യാഭ്യാസവും
സ്റ്റാന്റിംഗ് കമ്മിറ്റി

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| ഓഫീസ് | : | 04936 | – | 202490 |
| | : | 04936 | – | 202390 |
| വീട് | : | 04936 | – | 273427 |

9447276110
മണ്ണാർത്തൊടി വീട്
പടിഞ്ഞാറത്തറ (പി.ഒ.)


തിയ്യതി : 22-01-2021



വയനാട് ജില്ലയിലെ എസ്.എസ്.എൽ.സി. പരീക്ഷയ്ക്ക് തയ്യാറെടുക്കുന്ന വിദ്യാർത്ഥികൾക്ക് ഏറെ സഹായകമായി ചോദ്യമാതൃകകളും ഉത്തരസൂചികയും ഉൾക്കൊള്ളിച്ചുകൊണ്ട് "എക്സലൻസ് 2021" എന്ന പേരിൽ ഡയറ്റ് അധികപഠന സഹായി തയ്യാറാക്കുന്നു എന്നറിഞ്ഞതിൽ അതിയായി സന്തോഷിക്കുന്നു.

കോവിഡ് കാലത്തെ പഠന നഷ്ടം പരിഹരിച്ചുകൊണ്ട് സ്വയം പഠനത്തിന് വിദ്യാർത്ഥികൾക്ക് ഏറ്റവും സഹായകമായ ഈ സംരംഭത്തിന് നേതൃത്വം നൽകിയ ജില്ലാ വിദ്യാഭ്യാസ പരിശീലന കേന്ദ്രം മേധാവിക്കും ജീവനക്കാർക്കും അഭിനന്ദനങ്ങൾ, ജില്ലയുടെ സമ്പൂർണ്ണമായ വിദ്യാഭ്യാസ പുരോഗതിക്കായി നമുക്കൊന്നായി മുന്നേറാം.

ആശംസകളോടെ,

എം. മുഹമ്മദ് ബഷീർ

# വയനാട് ജില്ലാ പഞ്ചായത്ത് കാര്യാലയം

സിവിൽ സ്റ്റേഷൻ, കൽപ്പറ്റ നോർത്ത് പി. ഒ., പിൻ - 673 122

'ISO 9001-2015 അംഗീകൃതം'

E-mail : dpwynd@gmail.com

ഫോൺ : ഓഫീസ് : 04936 - 202490
: 04936 - 202390
മൊബൈൽ : 9567 831 885

**സംഷാദ് മരക്കാർ**
പ്രസിഡണ്ട്

ചോലക്കൽ വീട്
വരദൂർ (പി.ഒ.)

തിയ്യതി : 22-01-2021

## ആശംസ



സമ്പന്നമായ കാർഷിക സംസ്കൃതിയുടെ നാടായ വയനാട് വിദ്യാഭ്യാസ രംഗത്തും ബഹുദൂരം മുന്നേറിയിരിക്കുന്നു. ജില്ലാ പഞ്ചായത്തിന്റെ പദ്ധതി വിഹിതത്തിൽ നിന്ന് ഗണ്യമായ ഭാഗം വിദ്യാഭ്യാസ മേഖലയിൽ ചെലവഴിച്ചുകൊണ്ട് എസ്.എസ്.എൽ.സി., ഹയർ സെക്കണ്ടറി, വി.എച്ച്.എസ്.ഇ. മേഖലയിൽ സവിശേഷമായ പ്രവർത്തനങ്ങൾ വയനാട് ജില്ലാ പഞ്ചായത്തും വിദ്യാഭ്യാസ വകുപ്പും നടത്തിവരുന്നു. ത്യാഗ സന്നദ്ധതയോടെ പ്രവർത്തനങ്ങൾ ഏറ്റെടുത്തു നടത്തിവരുന്ന അധ്യാപകരും വിദ്യാർത്ഥികളും രക്ഷിതാക്കളും വിവിധ വകുപ്പുകളിലെ ഉദ്യോഗസ്ഥരുടെ ഏകോപനവും ജില്ലയുടെ വികസന കുതിപ്പിന് ചാലക ശക്തികളായി തദ്ദേശസ്വയം ഭരണ സ്ഥാപനങ്ങളോട് ചേർന്ന് പ്രവർത്തിക്കുന്നു. ഇതിന്റെ ഫലമായി കോവിഡ് കാലത്തെ പത്താം ക്ലാസ് പരീക്ഷയിൽ ഒട്ടനവധി ഗുണാത്മക മാറ്റങ്ങൾ കൈവരുമെന്ന് പ്രതീക്ഷിക്കുന്നു. വയനാട് ജില്ലാ വിദ്യാഭ്യാസ പരിശീലന കേന്ദ്രം (ഡയറ്റ്) തയ്യാറാക്കി, ജില്ലാ പഞ്ചായത്തിന്റെ പദ്ധതിയിൽ ഉൾപ്പെടുത്തി പ്രിന്റ് ചെയ്ത് കുട്ടികളിൽ എത്തിക്കുന്ന പഠനപരിപോഷണ പരിപാടിയായ 'എക്സലൻസ് 2021' പുതിയ ഉണർവിനും ഉയർച്ചക്കും കാരണമാകട്ടെ. ഈ വർഷം പരീക്ഷ എഴുതുന്ന പത്താം തരത്തിലെ എല്ലാ വിദ്യാർത്ഥികൾക്കും ഉന്നത വിജയം ആശംസിക്കുന്നു.

സ്നേഹപൂർവ്വം

സംഷാദ് മരക്കാർ
പ്രസിഡണ്ട്
വയനാട് ജില്ലാ പഞ്ചായത്ത്

## ആശംസകൾ......

നീണ്ട ഇടവേളയ്ക്കുശേഷം ഈ കോവിഡ് കാലഘട്ടത്തിൽ പൊതുപരീക്ഷയെഴുതാൻ തയ്യാറെടുക്കുന്ന പത്താംതരം കുട്ടികൾക്ക് കൈത്താങ്ങായി ഒരു പഠനപ്രവർത്തന സഹായി ജില്ലാ പഞ്ചായത്തിന്റെ സഹായത്തോടെ വയനാട് ഡയറ്റ് തയ്യാറാക്കിയിരിക്കുകയാണ്. എല്ലാ പ്രതിസന്ധിഘട്ടങ്ങളേയും മനക്കരുത്തോടെ തരണം ചെയ്യാൻ പഠിച്ച നമ്മുടെ കുഞ്ഞുങ്ങൾ ഈ പൊതു പരീക്ഷയും ആത്മവിശ്വാസത്തോടെ പഠിച്ച് എഴുതി വിജയിക്കേണ്ടതുണ്ട്. ഇനിയുള്ള ദിവസങ്ങളിൽ ഈ കൈപ്പുസ്തകം കൃത്യമായി പ്രയോജനപ്പെടുത്തുവാൻ എല്ലാ കുട്ടികളും ശ്രദ്ധിക്കണം. വിദ്യാഭ്യാസ മേഖലയിൽ വയനാട് ജില്ലാ പഞ്ചായത്ത് കാണിക്കുന്ന കരുതലും പിന്തുണയും ഏറെ ശ്രദ്ധേയവും അഭിനന്ദനാർഹവുമാണ്. തദ്ദേശസ്വയംഭരണ സ്ഥാപനങ്ങളുടെയും അധ്യാപകരുടെയും രക്ഷിതാക്കളുടെയും വിദ്യാർത്ഥികളുടെയും കൂട്ടായ്മയിൽ വിദ്യാഭ്യാസ മേഖലയിൽ മികച്ച നേട്ടം കൈവരിക്കാൻ കഴിയുമാറാകട്ടെ എന്ന് ആശംസിക്കുന്നു.

**ലീല കെ.വി.**
വിദ്യാഭ്യാസ ഉപഡയറക്ടർ, വയനാട്

---

കാലത്തിനൊപ്പം, കാലത്തിന് മുന്നെ മുന്നേറാൻ വയനാട് ജില്ലയിലെ എസ്.എസ്.എൽ.സി. വിദ്യാർത്ഥികളെ പ്രാപ്തരാക്കാൻ വയനാട് ജില്ലാ ഡയറ്റിന്റെ ഉദ്യമമായ 'എക്സലൻസ് പഠന പരിപോഷണ' പരിപാടിക്ക് ആശംസകൾ നേരുന്നു.

**എം. അബ്ദുൽ അസീസ്**
ജില്ലാ പ്രോജക്ട് കോ-ഓർഡിനേറ്റർ
എസ്.എസ്.കെ. വയനാട്

---

പൊതുപരീക്ഷയെഴുതുന്ന ജില്ലയിലെ 10ാം ക്ലാസ്സ് വിദ്യാർത്ഥികൾക്കായി വയനാട് ഡയറ്റ് നേതൃത്വത്തിൽ 'എക്സലൻസ് പഠന പോഷണ പരിപാടി' യുടെ ഭാഗമായി പഠന സഹായി തയ്യാറാക്കി നൽകുന്നത് വളരെ പ്രയോജനപ്രദമാകും. കോവിഡ് മഹാമാരിയുടെ പശ്ചാത്തലത്തിൽ ഓൺലൈൻ പഠനപിന്തുണ വേണ്ടത്ര ലഭ്യമാകാത്ത നമ്മുടെ ജില്ലയിലെ പാർശ്വവൽകൃത വിഭാഗങ്ങളിലെ കുട്ടികൾക്കും അവരെ പരീക്ഷക്കൊരുക്കുന്ന അധ്യാപകർക്കും ഇത് ഏറെ സഹായകമാകും. പരിചയസമ്പന്നരായ അധ്യാപകരുടെ നേതൃത്വത്തിൽ തയ്യാറാക്കിയ ലളിതമായ ഈ പഠനസഹായി പൊതു പാഠപുസ്തകത്തിനും പഠന സാമഗ്രികൾക്കുമപ്പുറം എല്ലാ വിഭാഗം വിദ്യാർത്ഥികൾക്കും മികച്ച വിജയം നേടുവാൻ കൈത്താങ്ങാകട്ടെ.

ഈ സദുദ്യമത്തിന് ആശംസകൾ

**വിൽസൺ തോമസ്**
പൊതുവിദ്യാഭ്യാസ വിദ്യാഭ്യാസ സംരക്ഷണ
യജ്ഞം കോഡിനേറ്റർ-വയനാട് ജില്ല.

---

കോവിഡിന്റെ പശ്ചാത്തലത്തിൽ പരീക്ഷക്ക് തയ്യാറെടുക്കുന്ന വിദ്യാർത്ഥികൾക്ക് ആത്മവിശ്വാസത്തോടെ പരീക്ഷയെ നേരിടാൻ ഈ പഠനസഹായി തീർച്ചയായും ഉപകരിക്കും. വിദ്യാർത്ഥികൾക്ക് എല്ലാ ആശംസകളും കുടെ ഇതിന് പിന്നിൽ പ്രവർത്തിച്ച എല്ലാ അധ്യാപകസുഹൃത്തുക്കൾക്കും അഭിനന്ദനങ്ങൾ.

**ഉഷാദേവി എം.കെ.**
ജില്ലാ വിദ്യാഭ്യാസ ഓഫീസർ, വയനാട്

## ഹിന്ദി (THIRD LANGUAGE)

| യൂണിറ്റ് | പാഠം |
|---|---|
| इकाई 1 | 1. बीरबहूटी<br>2. हताशा से एक व्यक्ति बैठ गया था<br>3. टूटा पहिया |
| इकाई 2 | 4. आई एम कलाम के बहाने<br>5. सबसे बड़ा शॉ मैन |

# बीरबहूटी

*(बादल बहुत... पैन में स्याही भरते थे।)* *(Page 8 - 9)*

**1. यहाँ के पात्र कौन-कौन हैं?**

साहिल और बेला।

**2. यहाँ किस मौसम का चित्रण हुआ है?**

बरसात के मौसम का चित्रण।

**3. बरसात के मौसम का पता यहाँ कैसे मिलता है?**

जंगलों और खेतों के ऊपर छाये हुए मेघ।

गीली हवाएँ।

बाजरे के पातों में अटकी हुई पानी की बूँदें।

**4. बेला और साहिल स्कूल के लिए घर से कुछ समय पहले निकलते थे। क्यों?**

बीरबहूटियों से मिलने केलिए।

**5. बीरबहूटियों की विशेषताएँ क्या-क्या हैं?**

सुर्ख, मुलायम, गदबदी, चलती-फिरती खून की प्यारी-प्यारी बूँदें जैसी।

**6. बेला और साहिल बीरबहूटियों को कैसे खोजते थे?**

एक दूसरे के बहुत नज़दीक रहकर, बिलकुल सटकर, बारिश की गंध भरी ज़मीन पर बैठकर वे बीरबहूटियों को खोजते थे।

**7. पैन में स्याही भरवाने केलिए कितने पैसे देते थे?**

पाँच पैसे।

*(पैन में स्याही......मिला पाई।)* *(Page 9 - 10)*

**1. बेला और साहिल क्यों दुकान पहुँचे?**

पैन में स्याही भरवाने केलिए

**2. दुकान पहुँचने के पहले साहिल ने क्या किया?**

पैन में बची हुई स्याही ज़मीन पर छिड़क दी।

**3. "बादल को देखकर घड़े को नहीं ढुलाना चाहिए।" दुकानदार ने ऐसा क्यों कहा?**

साहिल ने स्याही भरवाने से पहले, पैन में बची हुई कुछ स्याही को ज़मीन पर छिड़क दिया।

लेकिन दुकान में स्याही खतम हो गयी थी। तो दुकानदार ने ऐसा कहा। आकाश में दिखाई देनेवाले सभी बादल बरसते नहीं। पानी बरसने के पहले घड़े का पानी नहीं ढुलाना चाहिए। अंदाज़ा लेकर काम करना ठीक नहीं है।

**4. साहिल और बेला की दोस्ती पर टिप्पणी लिखें।**

***सूचनाः***

- पाँचवीं कक्षा में पढ़ना
- क्लास में पास-पास बैठना
- हर काम एकसाथ करना

**5. बच्चे उनसे काँपते थे। किनसे?**

गणित के माटसाब सुरेंदर जी से।

**6. सुरेंदर माटसाब कक्षा में कैसे व्यवहार करते थे?**

वे पिरीयड़ में काँपी जाँचते थे। ज़रा सी गलती पर बच्चों को इधर उधर फेंक देते थे या झापड़ मारते थे। बच्चे उनकी सज़ा से डरते थे।

**7. माटसाब के व्यवहार से क्या आप सहमत हैं? क्यों?**

सहमत नहीं। छोटी सी गलती पर बच्चों को इस प्रकार की सज़ा देना ठीक नहीं। यह बच्चों के अधिकार के खिलाफ़ है।

**8. बेला का मन खराब क्यों हो गया?**

एक दिन सुरेंदर माटसाब ने गलती से बेला के बालों में पंजा फँसाया। बेला की कोई गलती नहीं थी। वह डर से काँप रही थी। साहिल के सामने सब हो रहा था। इसलिए बेला खुद को शर्मिंदा महसूस कर रही थी।

**9. बेला साहिल से नज़र नहीं मिला पाई। क्यों?**

बेला खुद को साहिल के सामने अच्छी दिखाना चाहती थी। लेकिन साहिल के सामने माटसाब ने बेला के बालों में पंजा फँसाया। वह स्वयं को शर्मिंदा महमूस करने लगी थी। इसलिए साहिल से नज़र नहीं मिला पाई।

**10. बेला का मन बहुत खराब हो गया। सच में उसने कोई गलती नहीं की थी। घर जाकर वह अपना अनुभव ड़ायरी में लिखती है। बेला की संभावित डायरी लिखें।**

| **20 मार्च 1980 बुधवार** |
|---|
| आज शायद मेरे लिए अच्छा दिन नहीं। ऐसा एक दिन ज़िन्दगी में कभी नहीं हुआ। साहिल के सामने यह अपमान! सोच भी नहीं सकती। स्कूल में गणित का पीरियड था। क्लास में आते ही माटसाब काँपी जाँचने लगे। काँपी जाँचते वक्त मास्टरजी की नज़र मुझपर पडी। मैं ने तो काँपी लिखी थी। फिर भी....। बिना कुछ कहे मास्टर जी ने मेरा बाल पकडकर फेंका। सब बच्चों की नज़र मुझपर पडी। मेरे भयभीत चेहरे को देखकर साहिल बुरी तरह डर गया था। मैं ने उसकी ओर देखा ही नहीं। कुछ समय के बाद मास्टर जी ने काँपी मेरे बैठने की जगह पर फेंकी और मुझसे बैठने को कहा। मुझे अब भी पता नहीं कि मेरी गलती क्या थी? ऐसा अनुभव जीवन में कभी नहीं हुआ है। यादें मन से दूर होती ही नहीं। एक दुर्दिन की समाप्ति। |

**11.** कहानी के आधार पर सही मिलान करें।

| | |
|---|---|
| बच्चे सुरेंदर मास्टर साहब से डरते थे | साहिल बुरी तरह डर गया। |
| एक दिन सुरेंदर मास्टर साहब ने | क्योंकि साहिल के सामने उसे पीट मिला। |
| बेला का भयभीत चेहरा देखकर | क्योंकि वे ज़रा सी गलती पर बच्चों को फेंक देते और मारने लगते। |
| बेला का मन बहुत खराब हो गया | बेला के बालों में पंजा फँसाया। |

उत्तरः

| | |
|---|---|
| बच्चे सुरेंदर मास्टर साहब से डरते थे | क्योंकि वे ज़रा सी गलती पर बच्चों को फेंक देते और मारने लगते। |
| एक दिन सुरेंदर मास्टर साहब ने | बेला के बालों में पंज़ा फँसाया। |
| बेला का भयभीत चेहरा देखकर | साहिल बुरी तरह डर गया। |
| बेला का मन बहुत खराब हो गया | क्योंकि साहिल के सामने उसे पीट मिला। |

**12. घर जाकर बेला अपनी माँ से इस घटना के संबंध में सब कुछ बताती है। माँ और बेला की बातचीत तैयार करें।**

उत्तरः

माँ : अरी बेला, चुप क्यों हो?
बेला : कुछ नहीं माँ।
माँ : बताओ न क्या हुआ?
बेला : कक्षा में मुझे पीटा।
माँ : क्यों? किसने पीटा?
बेला : गणित के अध्यापक सुरेंदर माटसाब ने। कोई गलती ही नहीं थी।
माँ : फिर क्यों?
बेला : पता नहीं माँ। उन्होंने काँपी को मेरे बैठने की जगह पर फेंका।
माँ : अरी बेटी, रो मत।
बेला : मुझे अब भी पता नहीं कि मेरी गलती क्या थी? सब साहिल के सामने।
माँ : फिक्र मत कर बेटी, मैं उनसे बात करूँ।

*दीपावली की छुट्टियों....... चोट का निशान था।* *(Page 10 - 11)*

**1.** **बेला के सिर पर सफेद पट्टी क्यों बाँधी थी?**

बेला छत से गिर कर घायल हो गई थी।

**2.** **साहिल को सरकारी अस्पताल में पट्टी बंधवाने क्यों ले जाया गया?**

उसकी पिंडली में कील लगने से एक इंच गहरा गड्ढा हो गया था।

**3.** **सरकारी अस्पताल में बेला और साहिल के बीच का संभावित वार्तालाप तैयार करें?**

*सूचनाः*

- साहिल का डाली पर झूमना
- टूटे स्टूल की कील पिंड़ली में लगना
- अस्पताल ले आना

**4.** **'आज आखिरी बार वे एक दूसरे की कोई चीज़ को छूकर देख रहे थे ।' ऐसा क्यों कहा गया है?**

पाँचवीं का रिज़ल्ट आ गया। दोनों अलग-अलग जगहों मे पढ़ने जा रहे हैं। बेला राजकीय कन्या पाठशाला में और साहिल अजमेर के हाँस्टल में। बाद में उन्हें एकसाथ पढ़ने का अवसर नहीं मिलेगा।

**5.** **'बारिश से पहले की बारिश' -इसका क्या मतलब है?**

बेला और साहिल के दुःख भरे आँसू बरसात के समान बरस रहे हैं।

**6.** **अपनी दोस्ती की याद पर टिप्पणी लिखें।**

- आत्मनिष्ठ भाषा
- विषय की समग्रता
- मार्मिक प्रस्तुतीकरण

**7.** **उचित परसर्ग का प्रयोग कर के रिक्त स्थान भरिए-**

साहिल ..... पिंड़ली में लग गई। (का, के, की)

बेला .....मन खराब हो गया । (की, के, की )

एक ....... सिर पर पट्टी बंधी थी। (के, का, की)

यह बारिशों से पहले .... बारिश का एक दिन था। (का, की, के)

दीपावली ..... छुट्टियों के बाद वे आये। (की, के, का)

**8.** **'आज आखिरी बार वे एक दूसरे की किसी चीज़ को छूकर देख रहे थे।'**

इस प्रसंग पर साहिल की **डायरी** तैयार करें।

सूचना :

- पाँचवीं का रिज़ल्ट
- साहिल और बेला का अलग होना
- दोनों का दुख

**9.** **हॉस्टल जाकर साहिल अपनी पुरानी बातों की याद करते हुए बेला के नाम पत्र लिखता है। पत्र तैयार करें।**

सूचना :

- पुरानी स्कूली दिनों की यादें
- घर से अलग रहने से विवश
- बेला से जुदा होने से दुखी

**10.** **कहानी के इस प्रसंग के अनुसार पटकथा का एक दृश्य लिखें।**

उत्तरः

(सुबह ग्यारह बजे, फुलेरा कस्बे की एक गली, वर्दीधारी बेला और साहिल गली की सड़क के किनारे खड़े हैं। दोनों के हाथों में रिपोर्ट कार्ड।)

| | | |
|---|---|---|
| बेला | : | अरे साहिल, अब तुम कहाँ पढ़ोगे ? |
| साहिल | : | अजमेर में, और तुम ? |
| बेला | : | राजकीय कन्या पाठशाला में। |
| साहिल | : | अरे बेला ज़रा तुम्हारा रिपोर्ट कार्ड दिखाना।<br>(दोनों रिपोर्ट कार्ड एक दूसरे को दिखाते हैं।) |
| बेला | : | अरे तुम्हें अजमेर क्यों भेजते? |
| साहिल | : | पता नहीं। वहाँ एक हॉस्टल है।<br>(बेला की आँखों से आँसु आती है) |
| बेला | : | तो आगे तुम फुलेरा में नहीं रहोगे न? |

| | | |
|---|---|---|
| साहिल | : | नहीं। अरे तू रोती क्यों? |
| | | (साहिल की आँखें लाल हो जाती हैं।) |
| बेला | : | कुछ नहीं। साहिल, अरे तू भी रोता है न? |
| साहिल | : | नहीं तो? |
| | | (बेला साहिल को चिढ़ाती है।) |
| बेला | : | रोनी सूरत साहिल, रोनी सूरत साहिल। |
| साहिल | : | अरे, अपना ख्याल रखना। वर्षा की संभावना है। |
| बेला | : | हाँ, तो घर चलें। |
| साहिल | : | हाँ-हाँ। |
| | | (दोनों अलग-अलग दिशाओं में चले जाते हैं।) |

**11. मान लें 14 सितंबर को आपके स्कूल में हिंदी मंच के तत्वावधान में साहित्यकार प्रभात की बीरबहूटी कहानी का मंचीकरण होनेवाला है। इसकी सूचना देनेवाला एक पोस्टर तैयार करें।**

प्यार रिश्तों की कड़ी है।

**बीरबहूटी**

कहानी का मंचीकरण

(दो स्कूली बच्चों की दोस्ती, मिलन और जुदाई की कहानी)

मूल कथा : प्रभात

अवतरण : स्कूल हिन्दी मंच

**सरकारी हाईस्कूल जयपुर**

14 सितंबर 2020 सबेरे 10 बजे

सबका स्वागत

**12. साहिल** के स्थान पर **बेला** का प्रयोग करके वाक्य का पुनर्लेखन करें।

साहिल अब तुम कहाँ पढोगे?

(क) बेला ............................।

उत्तर :

बेला अब तुम कहाँ पढ़ोगी?

**13. कोष्ठक के शब्दों से वाक्य पिरमिड़ की पूर्ति करें।**

(बीरबहूटियों के रंग के, लाल)

उसके भूरे बाल बंधे थे।

उसके भूरे बाल रिबन से बंधे थे।

.........................................

.........................................

उत्तर :

उसके भूरे बाल बंधे थे।

उसके भूरे बाल रिबन से बंधे थे।

उसके भूरे बाल लाल रिबन से बंधे थे।

उसके भूरे बाल बीरबहूटियों के रंग के लाल रिबन से बंधे थे।

# हताशा से एक व्यक्ति बैठ गया था।

***(टिप्पणी - नरेश सक्सेना)***

**कविता की आस्वादन टिप्पणी तैयार करने केलिए निम्नलिखित बातों पर ध्यान रखना चाहिएः**

1. कविपरिचय
2. कविता के आशय की व्याख्या
3. भाषा और शैली
4. अपना मत

***विनोदकुमार शुक्ल अपनी................. दिखाई देते हैं (Page15)***

**1. कवि का नाम क्या है?**

उत्तरः विनोदकुमार शुक्ल

**2. उनकी कविता की क्या-क्या विशेषताएँ हैं?**

उत्तरः मौलिकता और भाषा की अनगढ़ता

***यदि हम किसी व्यक्ति को..........................याद दिलाती है। (Page15-16)***

**1. यह कविता किसकी याद दिलाती है ?**

उ. यह कविता मनुष्य को मनुष्य की तरह जानने की याद दिलाती है।

**2. हमें किन किन व्यक्तियों की मदद करनी चाहिए?**

उ. हमें हताश, असहाय और संकट में पड़े व्यक्तियों की मदद करनी चाहिए।

***यह कविता 'जानना'........................जानकारियाँ ज़रूरी नहीं। (Page17)***

**1. इस कविता में कौन से शब्द पर बल दिया है?**

उ. जानना

**2. कविता का संदेश क्या है?**

उ. दो मनुष्यों के बीच मानवीय संवेदना होनी चाहिए। अर्थात्, किसी को जानते समय पहले उसके मनोभावों को जानना है।

**3. जानना** शब्द के लेखक की व्याख्या से आप कहाँ तक सहमत हैं?

उत्तर :

जानना शब्द के लेखक की व्याख्या बिलकुल सही है। सच में एक व्यक्ति को जानने का मतलब उसकी भौतिक जानकारी को जानना नहीं, बल्कि उसकी निराशा, असहायता और उसकी माँग को जानना है। तब तो जानने का अर्थ पूर्ण हो जाएगा।

4. कविता का आशय समझकर कोष्ठक से तालिका की पूर्ति करें।
(जाति से जानना, असाहायता को जानना. ओहदे से जानना, हालत को जानना. रंग से जानना, निराशा को जानना)

| जानने के रूढ़िग्रस्त आधार | जानने के असली आधार |
|---|---|
| ........................................ | ........................................ |
| ........................................ | ........................................ |
| ........................................ | ........................................ |

उत्तर :

| **जानने के रूढ़िग्रस्त आधार** | **जानने के असली आधार** |
|---|---|
| जाति से जानना | असहायता को जानना |
| ओहदे से जानना | हालत को जानना |
| रंग से जानना | निराशा को जानना |

**5. सही मिलान करें।**

| | |
|---|---|
| घायल पडे व्यक्ति को | कि घायल व्यक्ति मुसीबत में हैं। |
| हम जानते हैं | सहायता की ज़रूरत है। |
| किसी व्यक्ति को जानने का मतलब | हमारा कर्तव्य है। |
| हताश व्यक्तियों की सहायता करना | उसकी हताशा, निराशा और संकट को जानना है। |

उत्तर

| | |
|---|---|
| घायल पडे व्यक्ति को | सहायता की ज़रूरत है। |
| हम जानते हैं | कि घायल व्यक्ति मुसीबत में हैं। |
| किसी व्यक्ति को जानने का मतलब | उसकी हताशा, निराशा और संकट को जानना है। |
| हताश व्यक्तियों की सहायता करना | हमारा कर्तव्य है। |

**6. मान ले, सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति घायल पड़ा। किसी ने उसकी सहायता नहीं की। बहुत समय तक वह सड़क पर ही पडा रहा। इस घटना पर एक 'रपट' लिखें।**

**सड़क दुर्घटना: व्यक्ति की जान खतरे में**

दिल्ली : कल दोपहर को दिल्ली शहर में हुई दुर्घटना में एक व्यक्ति बुरी तरह घायल हुआ। घायल व्यक्ति बहुत समय तक सड़क पर ही पड़ा रहा। किसीने उसकी सहायता नहीं की। शहर के पुलिस अफ़सरों ने घायल व्यक्ति को अस्पताल पहुँचाया। व्यक्ति की जान अब भी खतरे में हैं। दर्शकों का कहना है कि व्यक्ति को घायल देखकर गाड़ी का ड्राईवर अपनी गाड़ी से उतरकर भाग गया। गाड़ी तेज़ रफ़तार की थी। पुलीस उसकी तलाश करने लगे हैं।

# पाठ - टूटा पहिया *(कविता, कविः धर्मवीर भारती)*

**मुख्य बिंदुः**

* टूटा पहिया उपेक्षित मानव (लघु मानव) का प्रतीक है।

* कुरुक्षेत्र की लड़ाई में आखिर असहाय अभिमन्यु को टूटे पहिए का सहारा लेना पड़ा था। इस प्रकार अन्याय के विरुद्ध लड़ते समय लघु मानव ही सत्य के पक्ष में सहारा दे सकता है।

*अपने पक्ष*

*....................*

*....................*

*ब्रह्मास्त्रों से लोहा ले सकता हूँ।*

**1. टूटा पहिया किसका प्रतीक है?**

**उ.** लघु मानव का

**2. 'अकेली निहत्थी आवाज़' किसका विशेषण है?**

**उ.** अभिमन्यु का (अन्याय के विरुद्ध लड़नेवाले का)

*मैं रथ का टूटा हुआ.................*

*...............................................*

*.................................................*

*पहियों का आश्रय ले!*

**3. इन पंक्तियों से कवि क्या कहना चाहते हैं?**

**उ.** कुरुक्षेत्र युद्ध में निरायुध अभिमन्यु को अंत में टूटे पहिए का सहारा लेना पड़ा। इस प्रकार आज भी अधर्म के विरुद्ध लड़ते समय तुच्छ मानव ही सहारा बन जाए।

**4. सही मिलान करें।**

| | |
|---|---|
| मैं रथ का टूटा हुआ पहिया | दुस्साहसी अभिमन्यु आकर घिर जाए। |
| इतिहासों की गति झूठी पड़ने पर | ब्रह्मास्त्रों से लोहा ले सकता हूँ। |
| अक्षौहिणी सेनाओं को चूनौती देता हुआ | सच्चाई टूटे हुए पहियों का आश्रय ले। |

**उ.**

| | |
|---|---|
| मैं रथ का टूटा हुआ पहिया | ब्रह्मास्त्रों से लोहा ले सकता हूँ। |
| इतिहासों की गति झूठी पड़ने पर | सच्चाई टूटे हुए पहियों का आश्रय ले। |
| अक्षौहिणी सेनाओं को चूनौती देता हुआ | दुस्साहसी अभिमन्यु आकर घिर जाए। |

**5. कविता में 'मैं' का प्रयोग किस केलिए किया है?**

**उ.** टूटे पहिए के लिए

**6. हमें किसकी उपेक्षा नहीं करनी चाहिए ?**

**उ.** लघु मानव की/तुच्छ एवं निस्सार चीज़ों की

**7. 'मुझे फेंको मत' - किसको ?**

**उ.** टूटे पहिए को

**8. दुस्साहसी कौन है ?**

**उ.** अभिमन्यु

**9. युद्ध में निरायुध अभिमन्यु को अचानक किसकी सहायता मिली ?**

**उ.** टूटे पहिए की

**10. इस कविता का संदेश क्या है ?**

**उ.** संसार में प्रत्येक व्यक्ति का अपना महत्व है। किसी को तुच्छ न समझना है।

**11. 'टूटा पहिया' कविता का आशय लिखिए।**

## टूटा पहिया (धर्मवीर भारती) (कविता पर टिप्पणी)

'टूटा पहिया' नामक कविता हिंदी के मशहूर साहित्यकार श्री धर्मवीर भारती की रचना है।

टूटा पहिया लघु मानव का प्रतीक है। यह इतिहास का चक्र है। यह कविता आत्मकथात्मक शैली में है। समाज से टूटे पहिए की प्रार्थना है कि मुझे निस्सार या बेकार समझकर मत छोड़ो।

"मैं रथ का टूटा हूआ पहिया हूँ।

लेकिन मुझे फेंको मत" - ये इस कविता की मुख्य पंक्तियाँ हैं। अभिमन्यु वीर, शूर, पराक्रमि व्यक्ति है और बड़े मानव का प्रतीक है। लेकिन बोधबालक नहीं, दुस्साहसी है। सब के कहने पर अनसुना कर दिया। उसने चक्रव्यूह में अकेले ही प्रवेश किया। सब शस्त्रास्त्र नष्ट होने पर टूटे पहिए से शत्रुओं का सामना किया।

महाभारत के इस प्रसंग की याद दिलाते हुए कवि कहते हैं कि इस प्रकार की अधार्मिक घटना आज भी संभव है। इतिहास की गति सामूहिक है। अतः संदर्भ आने पर सत्य का पक्ष टूटे हुए पहिए का भी सहारा लेने केलिए विवश हो सकता है। इसलिए उसकी उपेक्षा नहीं करनी चाहिए।

धर्मवीर की इस कविता में टूटा पहिया उपेक्षित सामान्य मानव का प्रतीक है।

# आई एम कलाम के बहाने

*(फ़िल्मी लेख-मिहिर)*

**( गाँव के स्कूल में . . . . . . . . . . . . छलकाए लिए आता था ।)**

1. "आई एम कलाम के बहाने" - किसकी रचना है?

    मिहिर की

2. "आई एम कलाम के बहाने" - किस विधा में आती है?

    फ़िल्मी लेख

3. प्रस्तुत अंश के मुख्य पात्र कौन- कौन हैं?

    मिहिर और मोरपाल

4. लेखक मिहिर के साथी का नाम क्या है?

    मोरपाल

5. कक्षा में बच्चे कहाँ बैठते थे?

    दरीपट्टी पर

6. उन्हें कक्षा में कैसे बिठाते थे?

    नाम के पहले अक्षरों के क्रम के आधार पर

7. मोरपाल के खाने के डिब्बे में क्या होते थे?

    छाछ

8. मिहिर के खाने के डिब्बे में क्या होते थे?

    राजमा- चावल

9. मिहिर के खाने के डिब्बे में राजमा- चावल देखते ही मोरपाल की बाँछें खिल जाती थीं । क्यों?

    राजमा- चावल अमीरों का भोजन है, मोरपाल तो गरीब परिवार का लड़का है ।

10. खेल घंटी के समय उनका सौदा क्या था?क्यों ?

    खाने की अदला- बदली का । क्योंकि दोनों एक दूसरे का खाना पसंद करते थे । इतना ही नहीं वे दिली दोस्त भी थे ।

11. मिहिर की कमज़ोरी क्या है?

    छाछ

12. मोरपाल ने पहले राजमा देखा ही नहीं था । कारण क्या है?

    मोरपाल की गरीबी

13. मोरपाल कैसे स्कूल आया करता था?

    पंद्रह किलोमीटर साइकिल चलाके

**( मैं स्कूल जाने में रोया . . . . . . . शादी में पहनकर आता ।)**

14. क्या मिहिर स्कूल जाना पसंद करता था?

    नहीं, वह स्कूल जाना पसंद नहीं करता था ।

15. " रविवार की छुट्टी का दिन उनके लिए हफ्ते का सबसे बुरा दिन हुआ करता ।" ऐसा क्यों कहा गया है?

**अथवा**

मोरपाल बिना नागा क्यों स्कूल चला आता था?

मोरपाल गरीब था। ऐसे बच्चों को छुट्टी के दिन अपने परिवार में कमरतोड़ मेहनत और खेत- मजूरी करने पड़ते थे। स्कूल आते समय ही उन्हें थोड़ा सा आराम मिलता था।

16. मिहिर नीली- खाकी यूनीफ़ॉर्म से हमेशा चिढ़ा करता था। क्यों?

मिहिर अमीर होने के कारण उसके पास यूनीफ़ॉर्म से बेहतर कपड़े थे, जिन्हें वह पसंद के अनुसार खरीदता था।

**( नील माधव पांड़ा . . . . . जो हमारे बचपनों में हैं ।)**

17. " आई एम कलाम" नामक फ़िल्म के निदेशक कौन है?

नील माधव पांड़ा

18. फ़िल्म के नायक का नाम क्या है?

छोटू ( कलाम )

19. कलाम का सपना क्या था?

स्कूल जाना और " राष्ट्रपति कलाम" सा बनना।

20. छोटू के दोस्त का नाम क्या है?

रणविजय

21. " बाकी निन्यानबे कहानियों को कभी भूलना नहीं चाहिए जो हमारे बचपनों में है।" - लेखक ने ऐसा क्यों कहा है?

**अथवा**

" कलाम" की कहानी सौ में एक की कहानी है। क्यों?

फ़िल्म में कलाम मित्र की मदद से अपना सपना पूरा कर लेता है। लेकिन हमारे समाज में ऐसी घटनाएँ कम ही मिलती हैं। इसलिए ऐसा कहा गया है।

**( फ़िल्म में हमारे नायक . . . . . . . . . . . अपनी मंजिल मिलती है ।)**

22. " लेकिन छोटू सिर्फ छोटू होकर नहीं जीना चाहता ।" - इससे आपने क्या समझा?

ढाणी पर काम करनेवाले बच्चों को छोटू कहकर बुलाते थे। लेकिन हमारे छोटू सिर्फ " छोटू" बनकर जीना नहीं चाहता। उसका सपना यह है कि स्कूल जाना और " राष्ट्रपति कलाम" जैसे बनना। इसके लिए वह सभी मौकाओं का लाभ उठाता है।

23. " कलाम सीखने में तेज़ है ।" समर्थन करें।

कलाम ढाणी पर आते विदेशी टूरिस्ट की बोली झट- से सीख लेता है। साथ- साथ रणविजय से अंग्रेज़ी भी सीख लेता है।

24. " लेकिन कलाम फिर कलाम है ।" लेखक के इस प्रस्ताव पर चर्चा करें।

राष्ट्रपति कलाम सदा अपने मूल्यों पर अटल रहते थे। उसी प्रकार छोटू भी। अपने ऊपर चोरी का झूठा आरोप लगाने पर भी वह अपनी दोस्ती का प्रण नहीं तोड़ता।

25. पूर्व प्रत्यय के रूप में "हम" का विभिन्न प्रसंगों में प्रयोग

| | | |
|---|---|---|
| हम | हमनाम | समान नामवाला |
| | हमउम्र | समान उम्रवाला |
| | हमवतन | समान देशवाला |
| | हमसफ़र | समान गाड़ी पर ( एक साथ ) यात्रा करनेवाला |
| | हम शक्ल | समान शक्लवाला |
| | हमजोली | समान पदवाला |
| | हमख्याल | समान मतवाला |
| | हमअसर | समान असरवाला |

26. कलाम ने राष्ट्रपति कलाम के नाम पर एक पत्र लिखा। संभावित **पत्र/ चिट्ठी** लिखें।

- चाय की दुकान का काम
- नाम कलाम रखा
- रणविजय से दोस्ती
- लूसी मैडम का वादा

**( पिछड़े बच्चों के लिए एक नमूना )**

स्थान
तारीख

माननीय महोदय,

नमस्ते। मेरा नाम छोटू है। मैं ढाणी में काम करता हूँ। स्कूल जाना और आपके जैसे महान बनना मेरा सपना है। इसलिए मैंने अपना नाम खुद कलाम रखा है।

मैं पढ़ना चाहता हूँ। मैं और मेरे जैसे बच्चों की पढ़ाई के लिए आप ही कुछ कर सकते हैं। मैं आपसे विनती करता हूँ कि आप जल्दी इसके लिए उचित कार्यवाही करें।

आपको धन्यवाद।

आपका आभारी
( हस्ताक्षर )
नाम

| |
|---|
| नाम<br>पता |

27. सही मिलान करें।

(1)

| | |
|---|---|
| इशारा करना | अनुकरण करना |
| दवा करना | संकेत करना |
| तलाशी लेना | चिकित्सा करना |
| नकल करना | जाँच करना |

उत्तर

| | |
|---|---|
| इशारा करना | संकेत करना |
| दवा करना | चिकित्सा करना |
| तलाशी लेना | जाँच करना |
| नकल करना | अनुकरण करना |

(2)

| | |
|---|---|
| बाँछें खिल जाना | लेन-देन करना |
| अदला - बदली करना | आकर्षित करना |
| वाहवाही करना | प्रसन्न होना |
| दिल जीत लेना | प्रशंसा करना |

उत्तर

| | |
|---|---|
| बाँछें खिल जाना | प्रसन्न होना |
| अदला - बदली करना | लेन-देन करना |
| वाहवाही करना | प्रशंसा करना |
| दिल जीत लेना | आकर्षित करना |

**28. कोष्ठक से उचित शब्द सही स्थान पर रखकर पिरमिड की पूर्ति करें।**

**(1) ( किसी गाँव से, रोज )**

मोरपाल स्कूल आता था।

मोरपाल साइकिल चलाता स्कूल आता था।

---------------------------------------------

----------------------------------------------------------

**उत्तर**

मोरपाल स्कूल आता था।

मोरपाल साइकिल चलाता स्कूल आता था।

मोरपाल किसी गाँव से साइकिल चलाता स्कूल आता था।

मोरपाल किसी गाँव से साइकिल चलाता रोज़ स्कूल आता था।

**( 2) ( नीली- खाकी , स्कूल की )**

मैं हमेशा चिढ़ा करता।

मैं यूनीफ़ॉर्म से हमेशा चिढ़ा करता।

- - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - -

- - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - -

उत्तर

मैं हमेशा चिढ़ा करता।

मैं यूनीफ़ॉर्म से हमेशा चिढ़ा करता।

मैं स्कूल की यूनीफ़ॉर्म से हमेशा चिढ़ा करता।

मैं स्कूल की नीली- खाकी यूनीफ़ॉर्म से हमेशा चिढ़ा करता।

**( 3 ) ( नायक, चाय की )**

कलाम काम करता है।

नायक कलाम दुकान में काम करता है।

. . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . .

. . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . .

उत्तर

कलाम काम करता है।

कलाम दुकान में काम करता है।

कलाम चाय की दुकान में काम करता है।

नायक कलाम चाय की दुकान में काम करता है।

**( 4 )　( भाटी सा की , चाय की थड़ी पर )**

माँ उसे छोड़ देती है।

माँ उसे काम करने के लिए छोड़ देती है।

- - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - -

- - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - -

माँ उसे छोड़ देती है।

माँ उसे काम करने के लिए छोड़ देती है।

माँ उसे चाय की थड़ी पर काम करने के लिए छोड़ देती है।

माँ उसे भाटी सा की चाय की थड़ी पर काम करने के लिए छोड़ देती है।

**( 5 )　( कथा के अंत में , अपनी )**

मंजिल मिलती है।

कलाम को मंजिल मिलती है।

- - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - -

- - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - -

मंजिल मिलती है।

कलाम को मंजिल मिलती है।

कलाम को अपनी मंजिल मिलती है।

कथा के अंत में कलाम को अपनी मंजिल मिलती है।

**29. मिहिर और मोरपाल के जीवन अनुभवों के आधार पर टिप्पणी लिखें।**

**हम एक है, पर अलग**

मिहिर संपन्न परिवार का लड़का था। फिर भी गरीब मोरपाल को वह अपना दिली दोस्त मानता था। उसको रोज़ स्कूल जाना पसंद नहीं था। उसके पास अपनी पसंद के बहुत सारे कपड़े थे। उसके लिए स्कूल यूनीफॉर्म बोझ थी। स्कूल में बिताए समय को वह बुरा मानता था।

मोरपाल गरीब लड़का था। रोज़ पंद्रह किलोमीटर साइकिल चलाता स्कूल जाता था। उसको अपने घर में कड़ी मेहनत करना पड़ता था। सिर्फ स्कूल के समय ही वह बच्चा बना रह सकता था। छुट्टी का दिन तो उसके लिए सबसे बुरा दिन था। उसका एकमात्र कमीज़ पैंट का नया जोड़ा स्कूल यूनीफ़ॉर्म ही थी।

यहाँ मोरपाल एक प्रतीक है - पिछड़े लोगों का । समाज की असमानता यहाँ सुव्यक्त है। मोरपाल के समान गरीबी के कारण बाल मजूरी करनेवाले, स्कूली शिक्षा से वंचित, बच्चों को, हमें कभी नहीं भूलना चाहिए, हमदर्दी निभानी चाहिए।

**30. कलाम और रणविजय की तुलना**

| **कलाम** | **रणवविजय** |
|---|---|
| गरीब घर का लड़का था। | राजपरिवार का लड़का था। |
| स्कूल जाना सबसे बड़ा सपना था। | स्कूल जाना कतई पसंद नहीं करता था। |
| चाय की दुकान में काम करता था। | अंग्रेज़ी स्कूल का छात्र था। |

**31. "आई एम कलाम" फ़िल्मी लेख के प्रस्तुत अंश के आधार पर पटकथा तैयार करें।**

फ़िल्म में इन दोनों बच्चों की पहली मुलाकात के वक्त के संवाद भी बड़े मज़ेदार है और खास इशारा भी करते हैं।

कलाम : इतनी सारी किताबें ! काए की हैं?

रणविजय: आपको अंग्रेज़ी नहीं आती क्या?

कलाम : तेरे को पेड़ पर चढ़ना आता है?

रणविजय: हमें घोड़े पर चढ़ना आता है। आपको घुड़सवारी आती है?

कलाम : मेरे को ऊँट पर चढ़ना आता है। तेरे को क्या ऊँट की दवा करनी आती है?

इस प्रसंग पर **पटकथा** का एक दृश्य लिखें।

**दृश्य- 1**

स्थान - रणविजय का घर

समय - सबेरे 10 बजे

पात्र -

- कलाम, आयु ग्यारह साल, पुराना कुर्ता और जाँघिया पहना है।

- रणविजय, आयु ग्यारह साल, कीमती कपडे पहना है।

( कलाम, रणविजय के कमरे की सुविधाएँ देखकर हैरान हो जाता है। दोनों बातें कर रहे हैं। )

कलाम : ( आश्चर्य से) इतनी सारी किताबें ! काए की हैं?

रणविजय : आपको अंग्रेज़ी नहीं आती क्या?

कलाम : तेरे को पेड़ पर चढ़ना आता है?

रणविजय : हमें घोड़े पर चढ़ना आता है। आपको घुड़सवारी आती है?

कलाम : ( गर्व से ) मेरे को ऊँट पर चढ़ना आता है। तेरे को क्या ऊँट की दवा करनी आती है?

रणविजय : क्या हम दोस्त बनें?

कलाम : ( खुशी से ) ज़रूर

( दोनों मित्र खेलते हैं।)

**32.** "हमारा सौदा था खेल घंटी में खाने की अदला- बदली का" - खेल घंटी के समय मिहिर और मोरपाल के बीच का संभावित **वार्तालाप** लिखें।

मिहिर : घंटी बज गयी। क्या हम खाना खाएँ ?

मोरपाल : हाँ दोस्त, मुझे भी भूख लगती है।

मिहिर : आज तुम क्या लाए हो?

मोरपाल : मेरे पास सिर्फ छाछ है।

मिहिर : छाछ ! मेरे पास राजमा- चावल है।

मोरपाल : राजमा- चावल ! दिखाओ मुझे। मैं पहली बार देख रहा हूँ।

मिहिर : पहली बार ! हमारे घर में यह रोज़ होता है।

मोरपाल : छाछ और मोटा चावल भी हमारे लिए बड़ा खाना है।

मिहिर : आज तुम यह राजमा- चावल खाओ और मुझे छाछ दो।

मोरपाल : छाछ ! क्या तुम्हें छाछ पसंद है?

मिहिर : हाँ, छाछ मेरी कमज़ोरी है।

मोरपाल : तो हम अदला- बदली करें?

मिहिर : ठीक है।

**33. चोरी का आरोप लगाने पर छोटू चाय की थड़ी छोड़कर भाग जाता है।**

अगले दिन के समाचार पत्रों में यह खबर आती है। इसपर **रपट** तैयार करें।

**चोरी का आरोप: बालक लापता**

जैसलमेर: चोरी के आरोप से दुखी बालक छोटू कल से जैसलमेर से लापता हो गया है। छोटू कुछ महीनों से भाटी सा की चाय की दुकान में काम कर रहा था। इसके बीच ढाणी के राणा के बेटे से दोस्ती हो गयी थी। उसने छोटू को बहुत सारी चीजें भेंट स्वरूप दी थीं। ये देखकर ढाणा के आदमी गलती से उसे चोर समझा था। रणविजय से असलियत जानने पर राणा और उसके आदमी छोटू की खोज में हैं।

**34.** "मोरपाल ने मिहिर के टिफिन बॉक्स में रखे राजमा को खाने से पहले कभी राजमा देखा भी नहीं था।"

अपनी खुशी वह डायरी में लिखता है। मोरपाल की संभावित **डायरी** लिखें।

| तारीख |
|---|
| आज मैं बहुत खुश हूँ ....<br>पहली बार आज मैंने राजमा-चावल खाया। वह भी मेरे दोस्त की वजह से ...<br>कितना स्वादिष्ट था...... अब भी मुँह से पानी आ रहा है।<br>हे भगवान, इतना अच्छा भोजन जीवन में पहली बार खा रहा हूँ।<br>इतने बड़े घर का लड़का..<br>कहता है - मेरा छाछ उसकी कमजोरी है !<br>खाने की अदला-बदली कितनी मज़ेदार है !<br>मिहिर, तू मेरा कितना अच्छा दोस्त है !<br>हमारी दोस्ती कभी न मिट जाएँ.....<br>यही मेरी प्रार्थना है। |

**35.** अक्तूबर - 15 "छात्र दिवस" - राष्ट्रपति अब्दुल कलाम का जन्म दिन।

मान लें, उस दिन आपके स्कूल में नील माधव पांडा की फ़िल्म "आई एम कलाम" का प्रदर्शन होनेवाला है। इसके लिए एक **पोस्टर** तैयार करें।



15. "रविवार की छुट्टी का दिन उनके लिए हफ्ते का सबसे बुरा दिन हुआ करता।" ऐसा क्यों कहा गया है?

**अथवा**

मोरपाल बिना नागा क्यों स्कूल चला आता था?

मोरपाल गरीब था। ऐसे बच्चों को छुट्टी के दिन अपने परिवार में कमरतोड़ मेहनत और खेत- मजूरी करने पड़ते थे। स्कूल आते समय ही उन्हें थोड़ा सा आराम मिलता था।

16. मिहिर नीली- खाकी यूनीफ़ॉर्म से हमेशा चिढ़ा करता था। क्यों?

मिहिर अमीर होने के कारण उसके पास यूनीफ़ॉर्म से बेहतर कपड़े थे, जिन्हें वह पसंद के अनुसार खरीदता था।

( नील माधव पांड़ा . . . . . जो हमारे बचपनों में हैं।)

17. "आई एम कलाम" नामक फ़िल्म के निदेशक कौन है?

नील माधव पांड़ा

18. फ़िल्म के नायक का नाम क्या है?

छोटू ( कलाम )

19. कलाम का सपना क्या था?

स्कूल जाना और "राष्ट्रपति कलाम" सा बनना।

20. छोटू के दोस्त का नाम क्या है?

रणविजय

21. "बाकी निन्यानबे कहानियों को कभी भूलना नहीं चाहिए जो हमारे बचपनों में है।" - लेखक ने ऐसा क्यों कहा है?

**अथवा**

"कलाम" की कहानी सौ में एक की कहानी है। क्यों?

फ़िल्म में कलाम मित्र की मदद से अपना सपना पूरा कर सका। लेकिन हमारे समाज में ऐसी घटनाएँ कम ही मिलती हैं।

( फ़िल्म में हमारे नायक . . . . . . . . . . अपनी मंजिल मिलती है।)

22. "लेकिन छोटू सिर्फ छोटू होकर नहीं जीना चाहता।" - इससे आपने क्या समझा?

ढाणी पर काम करनेवाले बच्चों को छोटू कहकर बुलाते थे। लेकिन हमारे छोटू सिर्फ "छोटू" बनकर जीना नहीं चाहता। उसका सपना यह है कि स्कूल जाना और "राष्ट्रपति कलाम" जैसे बनना। इसके लिए वह सभी मौकाओं का लाभ उठाता है।

23. "कलाम सीखने में तेज़ है।" समर्थन करें।

कलाम ढाणी पर आते विदेशी टूरिस्ट की बोली झट- से सीख लेता है। साथ- साथ लूसी मैडम और रणविजय से अंग्रेज़ी भी सीख लेता है।

24. "लेकिन कलाम फिर कलाम है।" लेखक के इस प्रस्ताव पर चर्चा करें।

राष्ट्रपति कलाम सदा अपने मूल्यों पर अटल रहते थे। उसी प्रकार छोटू भी। अपने ऊपर चोरी का झूठा आरोप लगाने पर भी वह अपनी दोस्ती का प्रण नहीं तोड़ता।

25. पूर्व प्रत्यय के रूप में "हम" का विभिन्न प्रसंगों में प्रयोग

| | | |
|---|---|---|
| हम | हमनाम | समान नामवाला |
| | हमउम्र | समान उम्रवाला |
| | हमवतन | समान देशवाला |
| | हमसफ़र | समान गाड़ी पर ( एक साथ ) यात्रा करनेवाला |
| | हम शक्ल | समान शक्लवाला |
| | हमजोली | समान पदवाला |
| | हमख्याल | समान मतवाला |
| | हमअसर | समान असरवाला |

26. कलाम ने राष्ट्रपति कलाम के नाम पर एक पत्र लिखा। संभावित पत्र लिखें।

- चाय की दुकान का काम
- नाम कलाम रखा
- रणविजय से दोस्ती
- लूसी मैडम का वादा

**( पिछड़े बच्चों के लिए एक नमूना )**

स्थान
तारीख

माननीय महोदय,

नमस्ते। मेरा नाम छोटू है। मैं ढाणी में काम करता हूँ। स्कूल जाना और आपके जैसे महान बनना मेरा सपना है। इसलिए मैंने अपना नाम खुद कलाम रखा है।

मैं पढ़ना चाहता हूँ। मैं और मेरे जैसे बच्चों की पढ़ाई के लिए आप ही कुछ कर सकते हैं। मैं आपसे विनती करता हूँ कि आप जल्दी इसके लिए उचित कार्यवाही करें।

आपको धन्यवाद .

आपका आभारी

( हस्ताक्षर )

नाम

नाम

पता

**सही मिलान करें।**

| | |
|---|---|
| इशारा करना | प्रसन्न होना |
| दवा करना | संकेत करना |
| तलाशी लेना | अनुकरण करना |
| नकल करना | लेन-देन करना |
| बाँछें खिल जाना | प्रशंसा करना |
| अदला - बदली करना | आकर्षित करना |
| वाहवाही करना | चिकित्सा करना |
| दिल जीत लेना | जाँच करना |

**उत्तर**

| | |
|---|---|
| इशारा करना | संकेत करना |
| दवा करना | चिकित्सा करना |
| तलाशी लेना | जाँच करना |
| नकल करना | अनुकरण करना |
| बाँछें खिल जाना | प्रसन्न होना |
| अदला - बदली करना | लेन-देन करना |
| वाहवाही करना | प्रशंसा करना |
| दिल जीत लेना | आकर्षित करना |

**कोष्ठक से उचित शब्द सही स्थान पर रखकर पिरमिड की पूर्ति करें।**

**( किसी गाँव से, रोज़ )**

मोरपाल स्कूल आता था।

मोरपाल साइकिल चलाता स्कूल आता था।

-----------------------------------------------

------------------------------------------------------------

**उत्तर**

मोरपाल स्कूल आता था।

मोरपाल साइकिल चलाता स्कूल आता था।

मोरपाल किसी गाँव से साइकिल चलाता स्कूल आता था।

मोरपाल किसी गाँव से साइकिल चलाता रोज़ स्कूल आता था।

**( नीली- खाकी , स्कूल की )**

मैं हमेशा चिढ़ा करता।

मैं यूनीफ़ॉर्म से हमेशा चिढ़ा करता।

- - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - -

- - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - -

उत्तर

मैं हमेशा चिढ़ा करता।

मैं यूनीफ़ॉर्म से हमेशा चिढ़ा करता।

मैं स्कूल की यूनीफ़ॉर्म से हमेशा चिढ़ा करता।

मैं स्कूल की नीली- खाकी यूनीफ़ॉर्म से हमेशा चिढ़ा करता।

**( नायक, चाय की )**

कलाम काम करता है।

नायक कलाम दुकान में काम करता है।

- - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - -

उत्तर

कलाम काम करता है।

कलाम दुकान में काम करता है।

कलाम चाय की दुकान में काम करता है।

नायक कलाम चाय की दुकान में काम करता है।

**( भाटी सा की , चाय की थड़ी पर )**

माँ उसे छोड़ देती है।

माँ उसे काम करने के लिए छोड़ देती है।

- - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - -

- - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - -

माँ उसे छोड़ देती है।

माँ उसे काम करने के लिए छोड़ देती है।

माँ उसे चाय की थड़ी पर काम करने के लिए छोड़ देती है।

माँ उसे भाटी सा की चाय की थड़ी पर काम करने के लिए छोड़ देती है।

**( कथा के अंत में , अपनी )**

मंजिल मिलती है।

कलाम को मंजिल मिलती है।

- - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - -

- - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - -

मंजिल मिलती है।

कलाम को मंजिल मिलती है।

कलाम को अपनी मंजिल मिलती है।

कथा के अंत में कलाम को अपनी मंजिल मिलती है।

**मिहिर और मोरपाल के जीवन अनुभवों के आधार पर टिप्पणी लिखें।**

**हम एक है, पर अलग**

मिहिर संपन्न परिवार का लड़का था। उसको रोज़ स्कूल जाना पसंद नहीं था। उसके पास अपनी पसंद के बहुत सारे कपड़े थे। उसके लिए स्कूल यूनीफॉर्म बोझ थी। स्कूल में बिताए समय को वह बुरा मानता था।

मोरपाल गरीब लड़का था। रोज़ पंद्रह किलोमीटर साइकिल चलाता स्कूल जाता था। उसको अपने घर में कड़ी मेहनत करना पड़ता था। सिर्फ स्कूल के समय ही वह बच्चा बना रह सकता था। छुट्टी का दिन तो उसके लिए सबसे बुरा दिन था। उसका एकमात्र कमीज़ पैंट का नया जोड़ा स्कूल यूनीफ़ॉर्म ही थी।

यहाँ मोरपाल एक प्रतीक है - पिछड़े लोगों का। समाज की असमानता यहाँ सुव्यक्त है। मोरपाल के समान गरीबी के कारण बाल मजूरी करनेवाले, स्कूली शिक्षा से वंचित, बच्चों को, हमें कभी नहीं भूलना चाहिए, हमदर्दी निभानी चाहिए।

**कलाम और रणविजय की तुलना**

| **कलाम** | **रणवविजय** |
|---|---|
| गरीब घर का लड़का था। | राजपरिवार का लड़का था। |
| स्कूल जाना सबसे बड़ा सपना था। | स्कूल जाना कतई पसंद नहीं करता था। |
| चाय की दुकान में काम करता था। | अंग्रेज़ी स्कूल का छात्र था। |

'आई एम कलाम" फ़िल्मी लेख के प्रस्तुत अंश के आधार पर पटकथा तैयार करें।

> फ़िल्म में इन दोनों बच्चों की पहली मुलाकात के वक्त के संवाद भी बड़े मजेदार है और खास इशारा भी करते हैं।
>
> कलाम : इतनी सारी किताबें ! काए की हैं?
>
> रणविजय: आपको अंग्रेज़ी नहीं आती क्या?
>
> कलाम : तेरे को पेड़ पर चढ़ना आता है?
>
> रणविजय: हमें घोड़े पर चढ़ना आता है। आपको घुड़सवारी आती है?
>
> कलाम : मेरे को ऊँट पर चढ़ना आता है। तेरे को क्या ऊँट की दवा करनी आती है?

इस प्रसंग पर **पटकथा** का एक दृश्य लिखें।

दृश्य- 1

स्थान - रणविजय का घर

समय - सबेरे 10 बजे

पात्र -

- कलाम, आयु ग्यारह साल, पुराना कुर्ता औऱ जाँघिया पहना है।
- रणविजय, आयु ग्यारह साल, कीमती कपडे पहना है।

( कलाम, रणविजय के कमरे की सुविधाएँ देखकर हैरान हो जाता है। दोनों बातें कर रहे हैं।)

कलाम : ( आश्चर्य से) इतनी सारी किताबें ! काए की हैं?

रणविजय : आपको अंग्रेज़ी नहीं आती क्या?

कलाम : तेरे को पेड़ पर चढ़ना आता है?

रणविजय : हमें घोड़े पर चढ़ना आता है। आपको घुड़सवारी आती है?

कलाम : ( गर्व से ) मेरे को ऊँट पर चढ़ना आता है। तेरे को क्या ऊँट की दवा करनी आती है?

रणविजय : क्या हम दोस्त बनें?

कलाम : ( खुशी से ) ज़रूर

( दोनों मित्र बन जाते हैं।)

"हमारा सौदा था खेल घंटी में खाने की अदला- बदली का" - खेल घंटी के समय मिहिर और मोरपाल के बीच का संभावित **वार्तालाप** लिखें।

मेहिर : घंटी बज गयी। क्या हम खाना खाएँ ?

ोरपाल : हाँ दोस्त, मुझे भी भूख लगती है।

मेहिर : आज तुमने क्या लाया है?

ोरपाल : मेरे पास सिर्फ छाछ है।

मेहिर : छाछ ! मेरे पास राजमा- चावल है।

ोरपाल : राजमा- चावल ! दिखाओ मुझे। मैं पहली बार देख रहा हूँ।

मेहिर : पहली बार ! हमारे घर में यह रोज़ होता है।

ोरपाल : छाछ और मोटा चावल भी हमारे लिए बड़ा खाना है।

मेहिर : आज तुम यह राजमा- चावल खाओ और मुझे छाछ दो।

ोरपाल : छाछ ! क्या तुम्हें छाछ पसंद है?

मेहिर : हाँ, छाछ मेरी कमज़ोरी है।

ोरपाल : तो हम अदला- बदली करें?

मेहिर : ठीक है।

चोरी का आरोप लगाने पर छोटू चाय की थड़ी छोड़कर भाग जाता है।
अगले दिन के समाचार पत्रों में यह खबर आती है। इसपर **रपट** तैयार करें।

**चोरी का आरोप: बालक लापता**

जैसलमेर: चोरी के आरोप से दुखी बालक छोटू कल से जैसलमेर से लापता हो गया है। छोटू कुछ महीनों से भाटी सा की चाय की दुकान में काम कर रहा था। इसके बीच ढाणी के राणा के बेटे से दोस्ती हो गयी थी। उसने छोटू को बहुत सारी चीजें भेंट स्वरूप दी थीं। ये देखकर ढाणा के आदमी गलती से उसे चोर समझा था। रणविजय से असलियत जानने पर राणा और उसके आदमी छोटू की खोज में हैं।

"मोरपाल ने मिहिर के टिफिन बॉक्स में रखे राजमा को खाने से पहले कभी राजमा देखा भी नहीं था।" अपनी खुशी वह डायरी में लिखता है। मोरपाल की संभावित डायरी लिखें।

तारीख

आज मैं बहुत खुश हूँ ....
पहली बार आज मैंने राजमा-चावल खाया। वह भी मेरे दोस्त की वजह से ...
कितना स्वादिष्ट था...... अब भी मुँह से पानी आ रहा है।
हे भगवान, इतना अच्छा भोजन जीवन में पहली बार खा रहा हूँ।
इतने बड़े घर का लड़का..
कहता है - मेरा छाछ उसकी कमज़ोरी है !
खाने की अदला-बदली कितनी मज़ेदार है !
मिहिर, तू मेरा कितना अच्छा दोस्त है !
हमारी दोस्ती कभी न मिट जाएँ.....
यही मेरी प्रार्थना है।

अक्तूबर - 15 "छात्र दिवस" - राष्ट्रपति अब्दुल कलाम का जन्म दिन।
मान लें, उस दिन आपके स्कूल में नील माधव पांडे की फ़िल्म "आई एम कलाम" का प्रदर्शन होनेवाला है। इसके लिए एक पोस्टर तैयार करें।



# सब से बड़ा शो मैन *(जीवनी-गीत चतुर्वेदी)*

***पाठ- भाग का संक्षिप्त रूप***

चार्ली चैप्लिन की माँ थिएटर में गा रही थी। अचानक उनकी आवाज़ फट गई। सैकड़ों दर्शक चिल्लाने लगे। माँ को स्टेज से हटना पड़ा। थिएटर के मैनेजर ने पाँच साल के चैप्लिन को स्टेज पर भेजने की ज़िद की। आखिर माँ को मज़बूरी से चैप्लिन को स्टेज पर भेजना पड़ा। चौप्लिन ने स्टेज पर, अद्‌भुत प्रतिभा का प्रदर्शन किया। उसने दर्शकों से बातचीत की, नृत्य किया, गायकों की नकल उतारी। दर्शकों ने स्टेज पर जमकर पैसे बरसाए। दर्शक मूँह फाड़कर रह गए कि एक पाँच साल के बालक ने ऐसी विस्मयकारी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

***गाते-गाते अचानक माँ की.......... उसने जन्म लिया था।***

**1. यहाँ के पात्र कौन-कौन हैं?**

उः चार्ली, माँ, मैनेजर

**2. माँ और मैनेजर में बहस क्यों हुआ?**

उः पाँच साल वाले चार्ली को स्टेज पर भेजने को लेकर।

**3. माँ और चैप्लिन के बीच का संभावित वार्तालाप तैयार करें।**

उत्तर :

माँ : बेटा, आज तू ने कमाल कर दिया।
चैप्लिन : लेकिन मैं खुश नहीं हूँ, अम्मा।
माँ : क्यों?
चैप्लिन : आपको स्टेज से हटना पड़ा था न?
माँ : छोड़ दो, मैं खुश हूँ, मेरा बेटा आज सबसे बड़ा अभिनेता बन गया।
चैप्लिन : माँ आप मेरे साथ गाना गाएँगी?
माँ : ज़रूर बेटा,
चैप्लिन : कब गाएँगी?
माँ : मैं हमेशा तैयार हूँ।

**4. सही मिलान करें।**

| | |
|---|---|
| तब्दील होना | वाद-विवाद करना |
| तारीफ़ करना | परिवर्तित होना |
| बहस करना | हठ करना |
| ज़िद करना | प्रशंसा करना |

उत्तर :

| | |
|---|---|
| तब्दील होना | परिवर्तित होना |
| तारीफ़ करना | प्रशंसा करना |
| बहस करना | वाद-विवाद करना |
| ज़िद करना | हठ करना |

**5. सही वाक्य चुनकर लिखें ।**

लोग चिल्लाने लगे।

लोग चिल्लाने लगी।

लोग चिल्लाने लगा।

उः लोग चिल्लाने लगे।

**लग सहायक क्रिया का प्रयोग समझें :**

राम *पढ़ने/ लिखने/ जाने लगा।*

*सीता पढ़ने/लिखने/जाने लगी।*

लड़के *पढ़ने/ लिखने/जाने लगे।*

लड़कियाँ *पढ़ने/लिखने/जाने लगीं।*

**6. 'मैनेजर ने पैसों की पोटली माँ के हवाले कर दी'- उस दिन की माँ की 'डायरी' कल्पना करके लिखें।**

***सूचना :***

- चार्ली को स्टेज पर अकेला छोड़ना।
- जैक जोन्स गाना शुरु करना।
- पैसों की बौछार होना।

**15 अप्रैल, 1894 बुधवार**

आज का दिन मैं कैसे भूलूँ........

दुःख और खुशी का दिन !

मेरा बेटा चार्ली आज शो मैन बन गया।

मैं तो थिएटर में गा रही थी, अचानक आवाज़ फट गयी।

आगे गा न सकी, स्टेज से हटना पड़ा।

मैनेजर की ज़बरदस्ती पर चार्ली को स्टेज पर भेजना पड़ा।

हे भगवान.... मैं बहुत चिंतित थी.....

लेकिन उसने कमाल कर दिया।

सबको अपनी प्रतिभा से विस्मित कर दिया।

दर्शकों ने तालियाँ बजायीं ....खूब पैसे भी मिले।

मेरा प्यारा - सा ... छोटा - सा बेटा....

आगे भी वह शो में चमत्कार करें.....

**7. 'पैसों की बौछार होना'- मतलब क्या है ?**

उः ज़्यादा पैसा मिलना

**8. 'अभद्र शोर' इसमें विशेषण शब्द कौन-सा है?**

उः अभद्र

**9. 'उसने जन्म ले लिया था' - इसका मतलब क्या है?**

उः आवाज़ फटने से माँ को स्टेज से हटना पड़ा और चार्ली को स्टेज पर लाया गया। छोटे चार्ली ने दर्शकों का मन आकर्षित किया। वह एक कलाकार का उदय था।

**10. सही प्रस्ताव चुनकर लिखें।**

- आवाज़ फटने से माँ को स्टेज से हटना पड़ा।

- चार्ली के आने से माँ को स्टेज से हटना पड़ा।
- मैनेजर के कहने से माँ को स्टेज से हटना पड़ा।

उः आवाज़ फटने से माँ को स्टेज से हटना पड़ा।

**11. 'गुद्गुदी फैलाना'- का मतलब क्या है?**

(पुलकित करना, पराक्रम करना, गीत गाना)

**उः** पुलकित करना

**12. 'दुनिया के सबसे बड़ा शो मैन का यह पहला शो था' - इस घटना पर एक रपट तैयार करें।**

***सूचना :*** ♦ वस्तुनिष्ठ हो ♦ अपना दृष्टिकोण ♦ अकर्षक शीर्षक

देखें, रपट तैयार करते वक्त किन-किन बातों पर ध्यान रखना है।

- *घटनाओं के बारे में पूरी जानकारी। (अर्थात्, घटना से संबंधित क्या , कब, कौन, कहाँ, कैसे, क्यों आदि प्रश्नों के उत्तर देने में रपट सक्षम हो।)*
- *सरल, रोचक, प्रभावी भाषा।*
- *जिज्ञासा पैदा करनेवाला शीर्षक।*
- *लेखक का अपना दृष्टिकोण।*

उः

**माँ की आवाज फटी, बेटा बना शो मैन**

लंदन: लंदन के प्रसिडेंसी थिएटर में पाँच साल के बच्चे ने स्टेज पर चमत्कार कर दिया। गाते वक्त अपनी माँ की आवाज़ फटने से चार्ली को स्टेज पर लाया गया। उसने मशहूर गीत "जैक जोन्स" गाया। दर्शकों से बातचीत की, नृत्य किया और अपनी माँ सहित कई गायकों की नकल उतारी। दर्शकों ने स्टेज पर पैसों की वर्षा की और तालियाँ बजाकर चार्ली की तारीफ़ की। यह पाँचवर्षीय बालक का पहला शो था। लोगों का मत है कि भविष्य में यह बालक एक महान कलाकार बन जाएगा।

**13. निम्नलिखित वाक्यों में से दो सही प्रस्ताव चुनकर लिखें।**

चार्ली स्टेज पर आया, इसलिए माँ को हटना पड़ा।
माँ की आवाज़ खराब होने के कारण चार्ली को स्टेज पर आना पड़ा।
माँ चार्ली को अभिनय करने केलिए थिएटर ले जाती थी।
चार्ली की शिकायत के कारण मैनेजर को पैसे माँ के हवाले करना पड़ा।

उः माँ की आवाज़ खराब होने के कारण चार्ली को स्टेज पर आना पड़ा।
चार्ली की शिकायत के कारण मैनेजर को पैसे माँ के हवाले करना पड़ा।

**14. सही मिलान करें :**

| | |
|---|---|
| माँ डर गई। | माँ आखिरी बार। |
| चार्ली स्टेज पर अकेला था | पाँच साल का बच्चा इस उग्र भीड़ को झेल पाएगा। |
| चार्ली स्टेज पर पहली बार आया। | उसने जैक जोन्स गाना शुरु किया। |


उः

| | |
|---|---|
| माँ डर गई। | पाँच साल का बच्चा इस उग्र भीड़ को झेल पाएगा। |
| चार्ली स्टेज पर अकेला था | उसने जैक जोन्स गाना शुरु किया। |
| चार्ली स्टेज पर पहली बार आया। | माँ आखिरी बार। |



प्रकृति हमारी माँ,
प्रकृति की रक्षा हमारी सुरक्षा।

पेड़ लगाएँ,
हरीतिमा बढ़ाएँ।






बालश्रम
मानवता के विरुद्ध अपराध
बालश्रम रोको
बचपन बचाओ.....



बालश्रम
कठोर
अपराध है।

बच्चों को कक्षाओं में बिठाओ,
गिलासों में नहीं...
सब पढ़ें, सब बढ़ें।




जून 5




विश्व पर्यावरण दिवस

"पर्यावरण
जीवन का आधार"
जी.एच.एस. कोल्लम
विश्व पर्यावरण दिवस समारोह
स्कूल सभागृह में
पौधों का वितरण (छात्रों को)
उद्घाटनः माननीय वन मंत्री
अद्यक्षःपि.टि.ए.अध्यक्ष
सुबह 10- बजे
-सबका स्वागत-

ध्यान दें,
परीक्षा की दृष्टि से पोस्टर में चित्रों की भूमिका नहीं है,
भाषाई दक्षता पर ही बल दिया जाता है।



प्रकृति हमारी माँ,
पशुपक्षी हमारे सहजीवी...
प्रकृति से अलग होकर
मानव का अस्तित्व नहीं...
प्रकृति की रक्षा... हमारी सुरक्षा...

**पेड़ लगाएँ**
**धर्ती को बचाएँ..**
**वैश्विक तापन,**
**पेड़ ही जवाब है...**



धरती में होगी हरियाली
जीवन में होगी खुश हाली।।
प्रदूषण धरती का खतरा,
पेड़ - पौधे लगाकर दूर करें खतरा।

पेड़ लगाएँ,
जलवायु सुरक्षित रखें,
जीवन बचाएँ...





प्रकृति जीवन का आधार
पेड़ के बिना जीवन निराधार
पेड़-पौधे मत करो नष्ट
साँस लेने में होगा कष्ट...

पानी है जीवन की आस,पानी को
बचाने का करो प्रयास ।
पानी की रक्षा है देश की सुरक्षा।
जल है असली सोना।
इसे नहीं है कभी खोना।



जल है तो कल है....

**प्रकृति की करे रक्षा,**
**पर्यावरण का रखे ध्यान,**
**तभी बनेगा देश महान।।**



**लड़की पराई नहीं, अपनी ही है..**



लड़की-लड़का भेदभाव
सामाजिक विपत्ति!

लड़की बचाओ,
देश का महत्व बढ़ाओ ।

**सड़क सुरक्षा सप्ताह**
**जनवरी 1 से 7 तक**

*"दुर्घटना आँसु लाती है, सुरक्षा खुशी देती है"*
नशे की हालत में गाड़ी न चलाएँ,
अधिक तेज़ गति से वाहन न चलाएँ,
सभी सड़क के नियमों का पालन करें।
*"सड़क की सुरक्षा प्राणों की सुरक्षा"*

**युद्ध, मानवता का विनाश...**



हथियार छोंड़ें,
शांति अपनाएँ,
मानव बनें..

ഡയറ്റ് വയനാട്

# എക്സലൻസ് – 2020 – 21

## പത്താംതരം പഠനപരിപോഷണ പരിപാടി

Break the chain

കൈവിടാതിരിക്കാം.. കൈ കഴുകൂ..

വയനാട് ജില്ലാ പഞ്ചായത്ത്

ജില്ലാ വിദ്യാഭ്യാസപരിശീലനകേന്ദ്രം,ഡയറ്റ് വയനാട്

Prepared by DIET Wayanad, Printed and Published by Wayanad District Panchayath 2021.
300 copies, Printed at co.op.sby-221325